तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्रामीण व अफसर के बीच मारपीट, थाने का घेराव, घंटों चला हंगामा



## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकमा (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को प्रातः 11 से 12.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं कृष्णा गुप्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी तथा जनगणना संबंधी डाटा प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी।

### त्यौहार से पहले ही सक्रिय मिलावटखोर

**बिजुरी।** खुशियों और रोशनी का त्यौहार दीवाली जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, कोयलांचल नगरी बिजुरी के बाजारों की रौनक भी बढ़ गई है। हर तरफ रंग-बिरंगी मिठाइयों की दुकानें सज चुकी हैं, लेकिन इस उत्साह के बीच एक कड़वी सच्चाई भी घुलने लगी है। त्यौहारी सीजन शुरू होते ही शहर के बाजारों में मिलावटखोरों का गिरोह एक बार फिर पूरी निर्भीकता से सक्रिय हो गया है। खुलेआम नकली खोया, सिंथेटिक घी और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक केमिकल युक्त रंगीन मिठाइयां बेची जा रही हैं। ग्राहकों पता नहीं कि ये घटिया पदार्थ उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं।

### छात्रों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता ज्ञान का किया अनुभव

**मनेन्द्रगढ़।** रजत जयंती महोत्सव एवं हर दिन हर घर आयुर्वेद के तृतीय चरण के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिलेभर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और आयुर्वेदिक ज्ञान को बढ़ावा देने के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीते 11 अक्टूबर को डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हाट बाजार में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.एसपी केसरवानी ने विद्यार्थियों को हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी आयुर्वेदिक नियमों की जानकारी दी।

### बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ऐसे ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किया जाना है, जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ हो। जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों एवं तीनों नगरीय निकायों से बाल विवाह से संबंधित कोई प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रहा है जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक जिला पंचायत के पीछे गढ़ कलेवा के बगल में निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

### कलेक्टर जनदर्शन में 15 आवेदन मिले

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। ग्रामीण जन जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा।

### स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी के आतिथ्य में कार्यक्रम

# मनेन्द्रगढ़ में 220 बेड के अस्पताल का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों से 220 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन का शिलान्यास कार्यक्रम हुआ।

आमाखेरवा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की जनता के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का नया युग लेकर आएगी और आम नागरिकों को बेहतर इलाज व सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि गणों ने संयुक्त रूप से सिविल हॉस्पिटल का शिलान्यास कर इस ऐतिहासिक परियोजना की नींव रखी। इसी क्रम में आदर्श मेडिकल फोर्स एवं मेडिकल कॉलेज के बच्चों ने छग की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग बिखेर दिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती यशवंती सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ श्रीमती जानकी बाई, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद वार्ड क्रमांक 21 श्रीमती सुशीला सिंह एवं स्वप्निल सिन्हा, पार्षद वार्ड क्रमांक 22 उपस्थित रहे। 220 बेड के इस बहुप्रतीक्षित अस्पताल का निर्माण कार्य 3536.52 लाख रूपए की लागत से पूरा किया गया है, जो जिले में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के नए युग की नींव रखेगा। इसके साथ ही 195.60 लाख रूपए की लागत से बनने वाली मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया, जिससे स्वास्थ्य प्रशासनिक तंत्र को नई ऊर्जा और दक्षता प्राप्त होगी।



शिल्यान्यास करते स्वास्थ्य मंत्री।

ईई सीजीएमएससी महेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मनेन्द्रगढ़ जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब 220 बेड के इस अत्याधुनिक अस्पताल का शिलान्यास हमारे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से संपन्न हुआ। यह अस्पताल छह मंजिला आधुनिक इमारत के रूप में विकसित होगा। इसमें 200 केवी ⏭ शेष पेज 4 पर

# छठ महापर्व की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

■ नपा क्षेत्र में सफाई अभियान का शुभारंभ

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शिवपुर-चरचा नगर में जोरों पर हैं। नगर पालिका प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 1 स्थित प्रमुख छठघाट में सफाई अभियान की शुरूआत की है।

नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने बताया कि छठ पर्व पर काफी संख्या में श्रद्धालु एवं छठव्रती महिलाएं घाट पर पहुंचकर सूर्यदेव की आराधना करती हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट परिसर में सफाई, मार्ग सुधार, लाइटिंग, जल निकासी और सुरक्षा व्यवस्था जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि लोक आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक पर्व है। नगर पालिका की टीम इस पावन अवसर पर घाटों को पूर्णतः स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में जुटी है। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि दीपावली से पूर्व ही सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है, ताकि अंतिम समय में कोई परेशानी न हो। सफाई कर्मचारियों की टीम घाट परिसर से कचरा, झाड़ियां और गाद हटाने का कार्य कर रही है। तालाब किनारों की मिट्टी समतल की जा रही है और घाट तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत भी की जा रही है।


छठघाट की गई साफ-सफाई।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी लाइटिंग, सुरक्षा बैरिकेडिंग और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस अभियान में वार्ड प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है। छठव्रती महिलाओं ने नगर पालिका के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस बार की तैयारियां पिछले वर्षों की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित हैं। समय रहते सफाई शुरू कर देना एक सराहनीय पहल है, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में पूजा-अर्चना का अवसर मिलेगा। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे घाट परिसर में स्वच्छता बनाए रखें, प्लास्टिक एवं कचरा न फैलाएं और छठ पर्व को आस्था व स्वच्छता के संगम के रूप में मनाएं।

सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पार्षद प्रदीप तिवारी, कुंडल सायं, कुमुद मिश्रा, कांग्रेस नेता भूपेन्द्र यादव, राजेन्द्र पाल, जैनूल सहित नगर पालिका कर्मी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## गंदगी और कचरे के ढेर से परेशान वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 10 सहित अन्य वार्डों में इन दिनों गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। गलियों और सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं।

नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए लगाए गए रिक्शा वाहन लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रह करने वाली स्वच्छता दीदियों ने बताया कि रिक्शा खराब होने से उन्हें घर-घर पैदल जाकर कचरा लाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी



होती है। अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। कचरा नहीं उठने से लोग मजबूरीवश खुले में कचरा फेंक रहे हैं, जिससे वातावरण में दुर्गंध फैल रही है। नालियों के पास जमा कचरा पशुओं के खाने से उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा विभाग से डॉ. पूर्णिमा सिंह एवं डॉ. मेघा गुप्ता आमंत्रित रहीं, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य का महत्व एवं उसका प्रभाव विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संकेत शर्मा एवं प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पटाखा दुकानों में बरतें विशेष सावधानी

**बैकुंठपुर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जानकारी दी है कि त्यौहारों में लगाए जाने वाले पंडाल एवं अस्थायी संरचनाओं में आग की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आईएस स्टैण्डर्ड के तहत कार्य किया जाएगा।

पटाखा दुकान में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट नहीं होना चाहिए, जबकि अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होंगी, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकान ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 6 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यंत्र, दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ, पटाखा दुकानों के सामने बाइक/कार की पार्किंग न हो, अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए तथा अग्निशमन वाहन के मूव्हमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।



## एसईसीएल ने दी 2 प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीन

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कोरिया जिला प्रशासन को दो प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीनें प्रदान की हैं।




इन मशीनों की स्थापना से जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी तथा ठोस प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सकेगा। यह पहल स्वच्छता और हरित पर्यावरण की दिशा में एसईसीएल का एक महत्वपूर्ण कदम है। इन मशीनों के माध्यम से लोग उपयोग किए गए प्लास्टिक को जमा कर सकेंगे, जिससे उन्हें पर्यावरण हितैषी तरीके से पुनर्चक्रण के लिए भेजा जा सकेगा, इससे न केवल जिले में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्लास्टिक मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में भी एक ठोस योगदान होगा। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सदैव समाज एवं पर्यावरण के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी तरह की जनहितकारी गतिविधियां जारी रखेगा।

### रिहायशी इलाके में दहशत मचा रहा भालू

**अनूपपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 456 एवं पी 460 तथा उसके आसपास जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में तीन-चार महिने से जंगली वन प्राणी भालू रिहायशी क्षेत्र में निरंतर प्रवेश कर है और इसके पूर्वी कई बार भालू की दस्तक इस क्षेत्र में हो चुकी है।

भालू के क्षेत्र में निरंतर आगमन होने से जहां क्षेत्र में रहने वालों को जान माल पर खतरा बना हुआ है, तो वहीं संरक्षित वन प्राणी भालू के जीवन पर भी खतरा बना हुआ है, ऐसी स्थिति में मानव जीवन एवं वन प्राणी के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल रिहायशी क्षेत्र में निरंतर विचरण करने वाले वनप्राणी भालू को पड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## मातृभूमि की सेवा से मिलती है आत्मिक शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

सेवा और संस्कार के पथ पर अग्रसर संस्था सेवा भारती मनेन्द्रगढ़ द्वारा संचालित श्रीमती कुंवर बेन पटेल छात्रावास भवन में मंगलवार को एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फ्लोरिडा अमेरिका निवासी चंद्रकांत पटेल ने अपनी माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में छात्रावास की बालिकाओं को दीपावली भेंट प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्सिंग कॉलेज सरभोका के निर्देशक विश्वजीत बारिक, श्रीमती नम्रता पटेल, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या मंजुलता कश्यप, श्रीमती रूपा पोद्दार, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, जिला संघ चालक नीरज अग्रवाल, सेवा भारती के सचिव मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, पूर्व सचिव पदमचंद अग्रवाल एवं सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य विनोद शुक्ला सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




विदेश में रहते हुए भी मातृभूमि और समाज के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए चंद्रकांत पटेल ने फोन के माध्यम से छात्रावास की बालिकाओं को संबोधित किया। सेवा भारती के सचिव मनोज अग्रवाल ने श्री पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों की यह संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम का संचालन विनोद शुक्ला ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुभाष अग्रवाल द्वारा किया गया।

### जर्जर सड़क से लोगों को मिल सकेगी मुक्ति

**अम्बिकापुर।** बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अब शहर के लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम द्वारा शहर में लोगों को जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने के लिए 18 करोड़ के कार्यों का टेंडर पूर्ण कर लिया गया है और मंगलवार से निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इसमें 10 करोड़ के डामरीकरण के कार्य के साथ ही 8 करोड़ रुपए से सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य भी शामिल है। हालांकि डामरीकरण के कार्य को शुरू होने में अभी दस दिनों का समय लग सकता है लेकिन तैयारियां शुरू कर दी गई है। बारिश के मौसम में शहर वासियों को जर्जर सड़कों के कारण खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समय रहते शहर के सड़कों पर बने गड्ढों के मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया और वाहनों के आवागमन से गड्ढों का आकार बड़ा हो गया है।

### एमसीबी अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# धान खरीदी में गड़बड़ी मामले को लेकर कांग्रेस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों एवं किसानों ने खड़गवां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें धान खरीदी प्रक्रिया में हो रही गंभीर अनियमितताओं और किसानों के साथ किए जा रहे अन्याय पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव के साथ तहसील पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि खड़गवां ब्लॉक में गिरदावली के नाम पर किसानों के साथ खुला धोखा किया जा रहा है। जिन किसानों ने मोटा धान लगाया है, उनकी फसलों को बासमती के रूप में दर्ज किया गया है, जबकि कई किसानों की धान की फसल को पशु चारा बताकर अंकित कर दिया गया है। जब किसान इस संबंध में सुधार के लिए आवेदन लेकर तहसील कार्यालय जा रहे हैं, तो उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे, इसके अतिरिक्त, वन भूमि एवं राजस्व भूमि के वैध पट्टों पर खरीदी पोर्टल को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण किसान पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं, जबकि इन्हीं पट्टों पर किसान पूर्व में धान विक्रय कर चुके हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियां अब खुलकर सामने आ रही हैं। अन्नदाता को योजनाबद्ध रूप से परेशान किया जा रहा है। यह सरकार किसानों के अधिकारों का हनन कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस ने प्रशासन को धान खरीदी व्यवस्था में सुधार के लिए 6 दिवस की समय-सीमा प्रदान की है। यदि इस अवधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते लोग।

कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि भाजपा सरकार की जनविरोधी और किसान विरोधी नीतियों के विरूद्ध संघर्ष जिलेभर में तेज किया जाएगा।



## जनदर्शन में पहुंचे 50 आवेदक

**बैकुंठपुर।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 50 आवेदकों की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें सुनीं।

जनदर्शन में उपस्थित आवेदकों ने भूमि, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, विद्युत, रोजगार एवं अन्य जनहित से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी आवेदनों का बारीकी से अध्ययन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन आज

**अम्बिकापुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे संकल्प भवन



भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य विषय वोकल फॉर लोकल रहेगा, जिसमें प्रदेश भाजपा से आमंत्रित अतिथि विषय वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए दिए गए सोच और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान स्थानीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह ने विधानसभा अंतर्गत आने वाले वोकल फॉर लोकल के छोटे-बड़े उद्यमियों, व्यापारियों, कामगारों तथा भाजपा के सभी छह मंडलों महामाया, समलाया, अम्बिकापुर ग्रामीण, लखनपुर, देवगढ़ व रामगढ़ के पदाधिकारियों से समय पर सम्मेलन में शामिल होने कहा है।

### लहपटरा स्कूल में 50 छात्राओं को बांटी गई साइकिल




**लहपटरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल, दिनेश बारी, गोपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। अतिथियों का स्वागत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया एवं अतिथियों का स्वागत संस्था की प्राचार्य श्रीमती जेरमिना किण्डो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। अतिथियों द्वारा शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु शासन द्वारा उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में बताया। मंत्री राजेश अग्रवाल के सौजन्य संस्था के सभी बच्चो को पानी बोतल एवं अभ्यास पुस्तिका, कॉपी का वितरण किया गया। छात्राएं सामग्री पाकर खुश नजर आए। इस दौरान एसपी जायसवाल, राजेश सिंह, विष्णु राजवाड़े, राम प्रवेश राजवाड़े, अजय राजवाड़े के अलावा संस्था के सुषमा पाण्डेय, अन्नपूर्णा सिंह, धनंजय तिवारी, बृजेश पाण्डेय एवं समस्त स्टॉफ के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, 16 टीमों ने लिया भाग



**प्रतापपुर।** ब्लॉक स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में किया गया जिसमें प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत 16 टीम ने भाग लिया है। स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह एवं नव युवक मंडल अध्यक्ष मोहनपांडे खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता ने पार्वतीपुर व गुमिदाड़ के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्श्नन किया। इधर गुमिदाड़ की टीम ने बेहतरीन खेल व तालमेल का परिचय देते हुए केवरा पार्वतीपुर 2-0 से पराजित किया। ज्ञात हो की प्रतापपुर क्षेत्र में फुटबॉल खेल हमेशा लोकप्रिय रहा है। प्रतापपुर में फुटबॉल मैच का रोमांचक प्रदर्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय बस स्टैंड स्टेडियम ग्राउंड में खेल प्रेमी उपस्थित होते हैं। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, नंदलाल तिवारी, मनोज, शिव शंकर सिंह, भोलू, अफजल, रहीम खान, विजय, कॉमेंटेटर अक्षय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आमसभा में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का मनोनयन



**अम्बिकापुर।** सर्व ब्राह्मण समाज की आमसभा संरक्षक आरएन अवस्थी की अध्यक्षता में रविवार को हुई। आमसभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश तिवारी, सचिव विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी का मनोनयन किया गया। चुनाव का संचालन संयोजक निवास आयंगर एवं समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान कौशलेन्द्र पाण्डेय, विकास पाण्डेय, आलोक दुबे, आईबी तिवारी द्वितेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पाण्डेय, चन्द्रसेन तिवारी, बच्चू तिवारी , केपी दीक्षित, अनिल तिवारी , इति चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## गांव में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

# ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर ग्राम पंचायत आसनडीह के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

चौमुखी विकास के इस दौरान में आज भी जिले के कई ग्राम पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। कुछ इस तरह की स्थिति लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा की है।

**खास बात**
- जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन से लगा चुके है गुहार

जहां आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी। ग्रामीण आज भी स्वच्छ जल के अभाव में ढोढी का पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव में एक भी हैंडपंप नहीं है और गांव के लोग जनप्रतिनिधि समेत जिला प्रशासन से एक हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आसनडीह डांरपारा में आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। आज भी ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित ढोढी के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पेयजल



ढोढ़ी से पानी ले जाती महिलाएं।

सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए सरपंच, ग्राम सभा सहित अधिकारियों को समस्याओं को लेकर शिकायत की गई परंतु आज तक क्षेत्र के लगभग 40 घरों की इस बस्ती की समस्या दूर नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोग ढोढ़ी के पानी पीने के लिए मजबूर है। ग्रामीणों के बताया कि अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। बारिश के कारण एक मात्र उपयोग किए जाने वाले ढोढ़ी का पानी भी गंदा हो जाता है जो पीने योग्य नहीं होता। इसके अवाला ढोढी को ईट से जोड़ कर पक्का और सुरक्षित किया गया है लेकिन ढोढी की सफाई नहीं होने से हर समय बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। बावजूद इसके गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा के तौर पर हैंडपंप नहीं होने के कारण गांव के लोग निस्तारण सहित पेयजल के लिए ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है।

**बीमार पड़ते है लोग**

गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से हर रोज गांव के लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़ जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व गंदे पानी पीने से गांव में डायरिया बीमारी हो गई थी जिससे कई लोग बीमार पड़ गए थे। हालांकि समय पर उपचार कराने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इस तरह की स्थिति गांव में बरसात के दौरान ढोढ़ी का गंदा पानी के उपयोग करने से हर वर्ष होता है। बावजूद इसके आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो सकी। गांव में हर वर्ष उल्टी-दस्त से कई लोग पीड़ित होते है जिसका मुख्य कारण गंदा पानी है।

**ग्रामीणों ने की हैंडपंप खनन की मांग**

ग्रामीणों में बताया कि गांव में सड़क व बिजली तो है परंतु शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव में एक हैंडपंप तक नहीं है। इधर नल जल मिशन योजना के तहत गांव के घरों में नल लगाने व पानी टंकी निर्माण कई साल से अधूरा है। ऐसे में लोग ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है। गांव में एक दो लोग अपने घरों में बोर कराया है लेकिन लो वोल्ट होने से सबमर्सिबल पंप भी काम नहीं करता। ऐसे में गांव में कम से कम एक हैंडपंप खनन हो जाती तो पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाती। ग्रामीणों ने गांव में हैंडपंप खनन की मांग की है।

# विक्षिप्त महिला को मिला सखी सेंटर में आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन और सचिव डीएलएसए, पायल टोपनो के त्वरित दिशा- निर्देशन में, रात के अंधेरे में भटक रही एक विछिप्त महिला को तत्काल रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया। यह घटना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और जागरूक नागरिकों के उत्कृष्ट समन्वय की कहानी बयां करती है।

- डीएलएसए, पुलिस और नागरिकों ने मिलकर बचाया विक्षिप्त महिला को

व्हाट्सएप से मिली पहली सूचना की शुरुआत शनिवार देर रात हुई। स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर एक पोस्ट शेयर किया गया, जिसमें ग्राम उमापुर में एक विक्षिप्त महिला के भटकने की जानकारी और उसकी तस्वीर थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र सत्य नारायण ने इस पोस्ट को गंभीरता से लिया और तुरंत सचिव पायल टोपनो को इसकी जानकारी दी। सचिव ने बिना समय गंवाए इसे अतिसंवेदनशील मामला मानते हुए महिला का पता लगाने और



उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। रात 8 बजे ग्राम मोरगा से हुई पहचान पूरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम महिला का पता लगाने में जुटी रही। दूसरे दिन रात लगभग 8 बजे, ग्राम मोरगा के एक जागरूक नागरिक पिंटू राजवाड़े ने अधिकार मित्र को फोन पर बताया कि वही महिला उनके गांव में भटक रही है।

सूचना मिलते ही सचिव पालय टोपनो ने मानवता को प्राथमिकता देते हुए, बिना किसी देरी के महिला को तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू कर सखी रेन्टर लाने का निर्देश दिया ताकि उसकी आवश्यक देखभाल और चिकित्सा सहायता मिल सके। रेस्क्यू टीम में अधिकार मित्र श्रीमती आशा गोंड, सत्य नारायण और पुलिस के प्रधान आरक्षक राम जनत प्रधान एवं आरक्षक गणेश सिंह ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और महिला को रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया, जहां अब वह सुरक्षित है और उसकी देखभाल की जा रही है।

# शहरवासियों को जर्जर सड़क से मिल सकेगी मुक्ति




जर्जर एनएच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अब शहर के लोगों को जर्जर और धूल धूसरित सड़क से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम द्वारा शहर में लोगों को जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने के लिए 18 करोड़ के कार्यों का टेंडर पूर्ण कर लिया गया है और मंगलवार से निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इसमें 10 करोड़ के डामरीकरण के कार्य के साथ ही 8 करोड़ रुपए से सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य भी शामिल है। हालांकि डामरीकरण के कार्य को शुरू होने में अभी दस दिनों का समय लग सकता है लेकिन तैयारियां शुरू कर दी गई है।

बारिश के मौसम में शहर वासियों को जर्जर सड़कों के कारण खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समय रहते शहर के सड़कों पर बने गड्ढों के मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया और बारिश के समय वाहनों के आवागमन से गड्ढों का आकार बड़ा हो गया। इस दौरान गड्ढों और जर्जर सड़कों के कारण लोगो को खासी परेशानियों का सामना करना पडा। शहर में आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार भी हुए। बारिश में एक तरफ लोग गड्ढों और कीचड से परेशान थे तो वही अब लोगों को धूल के गुबार और जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सडकों को लेकर नगर निगम में विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। इन सब के बीच शहर में जर्जर सड़कों के निर्माण हेतु नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था और शासन से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किया गया था और अब टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। नगर निगम सरकार ने वर्तमान में कुल 18 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए टेंडर किया है जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**कराए जाएंगे विकास कार्य**

शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण, सीसी सडक निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। जोनवार कार्यों की शुरुआत मंगलवार से की जाएगी। एनएच और लोक निर्माण विभाग से भी सड़कों के मरम्मत कराने हेतु चर्चा की गई है।
-श्रीमती मंजूषा, भगत महापौर

**जोन वार कराया जाएगा कार्य**

बताया जा रहा है कि नगर निगम में 10 करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण के कार्यों व 8 करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़क, नाली के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। डामरीकरण का कार्य जोन वार कराया जाएगा। मंगलवार महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की मौजूदगी में शहर में डामरीकरण के कार्यों की शुरुआत की जाएगी। लगभग 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत जोन क्रमांक 3 से की जाएगी। इस हेतु ननि ने अपनी ओर से तैयारी पूर्ण कर ली है। हालांकि डामरीकरण का कार्य शुरू होने में अभी भी 10 से 15 दिन का समय लग सकता है क्यों कि मजदूर भी फिलहाल अपने त्यौहारों में व्यस्त है और छठ पर्व के बाद ही निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

**प्रमुख सड़कें एनएच, लोनिवि के पास**

नगर निगम द्वारा भले ही डामरीकरण के कार्य शुरू किए जाएंगे लेकिन शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गों की सड़कें लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के पास ही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य ननि नहीं करा सकता ऐसे में इन सड़कों के मरम्मत का कार्य संबंधित विभागों को ही कराना है लेकिन उनकी ओर से अब तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। ऐसे में वर्तमान में इन सड़कों पर लोगों को कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

### लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रथम छात्र संसद का गठन

**रामानुजगंज।** लिटिल फ्लावर स्कूल अपने आरंभिक काल से ही शिक्षा, अनुशासन और समाज विज्ञान के क्षेत्र में प्रयोग और नवाचार का केंद्र रहा है। मौलिक विचारक बजरंग मुनि के संरक्षण में विद्यालय ने पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज विद्यालय में प्रथम छात्र संसद की बैठक आयोजित की गई। कक्षा 1 से 10 तक के सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली खुशबू कश्यप को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद के सभापति अशोक कुमार गुप्ता ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी में दूसरा सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाली नैना लकड़ा को उप प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। वहीं ऋषभ को शिक्षा मंत्री पद पर शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि छात्र संसद की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। संस्कृति, खेल, पुस्तकालय, अनुशासन और स्वास्थ्य जैसे विभागों के लिए भी मंत्रियों का चयन प्रधानमंत्री अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करेंगे। यह भी तय हुआ कि प्रत्येक छात्र संसद में प्रधानाचार्य पदेन सभापति तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के उप सभापति पदेन उप सभापति रहेंगे। छात्र संसद की योजना और कार्यप्रणाली की व्याख्या करते हुए ज्ञान यज्ञ परिवार के प्रभारी प्रबंधक ज्ञानेंद्र आर्य ने कहा कि छात्र संसद विद्यालय की प्रबंध समिति से भी अधिक महत्वपूर्ण इकाई है।

# शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा





समीक्षा बैठक को संबोधित करते शिक्षा विभाग के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में शिक्षा गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा हेतु सूरजपुर जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संयुक्त संचालक संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में ओड़गी एवं द्वितीय पाली में सूरजपुर रामानुजनगर और प्रेम नगर के संस्था प्रमुख बैठक में शामिल हुए,बैठक में मुख्य रूप से एनएएस परख कार्यक्रम, तिमाही परीक्षा परिणाम पर समीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा पर चर्चा, ब्लू प्रिन्ट पर चर्चा, कक्षा 5 वीं, 8 वीं में होने वाले बोर्ड परीक्षा के संबंध में तथा युडाईस एवं अपार आईडी निर्माण पर चर्चा की गई,संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ड्रॉप आउट की समस्या बहुत गंभीर है। ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य हम सभी को अनिवार्य रूप से हासिल करना है,उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य यहां से जाने के बाद अपने-अपने विद्यालय में अपने स्टाफ के साथ बैठकर त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की विषय वार समीक्षा पुनः कीजिए और देखिए कौन से छात्र छात्राएं किस विषय में ज्यादा कमजोर हैं।डीईओ अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जो आदेश और निर्देश राज्य और संभाग से प्राप्त होते हैं,उसे हम लोग तत्काल आप लोगों तक प्रेषित कर देते हैं,उस पर आप सभी त्वरित कार्यवाही करें,वह केवल मोबाइल तक ही सीमित ना रहे। सूरजपुर जिले को शैक्षणिक गतिविधियों में सबसे आगे ले जाने के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन एवं जिन बच्चों का आधार नहीं है, उसे बनाने के लिए कलेक्टर के आदेशानुसार सभी संकुलों में अलग-अलग तिथियों में आधार कैंप लगाया जा रहा है। बैठक में डीएमसी शशिकांत सिंह, सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य, पीसी सोनी, शम्भू निषाद व सभी विकासखंडों के बीईओ और प्राचार्य उपस्थित थे।

# भाई ने शराब पीने से मनाकर जड़ दिया थप्पड़ तो किशोरी ने लगा ली फांसी

**अंबिकापुर।** बहन को शराब पीने से मना करना युवक को भारी पड़ गया। शराब पीने से मना करते हुए थप्पड़ लगाने से नाराज किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

किशोरी की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त इस मामले में भाई को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के लिए गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के कोरंधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पत्थलटोली सुरबेना निवासी 17 वर्षीया राधा केरकेट्टा आ. जयलाल केरकेट्टा 8 अक्टूबर को एपीआई सहेली के साथ करमा त्यौहार देखने के लिए बस्ती की तरफ गई थी और शाम 4 बजे वापस पैदल घर आने के बाद सो गई। शाम 6.30 से 7 बजे के बीच किशोरी का भाई विकास केरकेट्टा भी करमा मनाकर वापस लौटा तो देखा कि उसकी बहन नशे में है और अनाप शनाप बोल रही है। ऐसे में युवक ने पानी छोटी बहन को हडिया शराब पीने से मना किया जिसपर राधा ने अपने ही भाई से विवाद शुरू कर दिया। विवाद करने पर युवक ने बहन को दो थप्पड़ मार दिए और सोने के लिए चला गया। विवाद के बाद किशोरी भी बिस्तर पर सो गई लेकिन 9 अक्टूबर की सुबह युवक के भाई विपुल केरकेट्टा ने आकर बताया की राधा ने पकरी पेड़ की डंगाल के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है।

- अब बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में युवक गिरफ्तार

## आपूर्ति शुरू होने से गांव हुआ रौशन

# शंकरगढ़ की पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में पहली बार पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आजादी के बाद भी अंधेरे में जीवन गुजर बसर कर रहे लोगों की जिंदगी में अब रौशन हुई है। शासन की पहल से पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में बिजली की आपूर्ति शुरू हुई। विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद गांव में लोगों घर में पहली बार बल्ब जले। बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड का ग्राम बरपानी के पहाड़ी कोरवा बस्ती है। इस बस्ती में कुल 6 पहाड़ी कोरवा परिवार निवास करते है। इस बस्ती के ग्रामीण आज भी लालटेन युग में अपना जीवन बसर कर

**खास बात**
- बस्ती में रहते हैं कुल छह परिवार



पहाड़ी कोरवा के घर में रौशन बल्ब।

रहे थे। गांव में शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता था और लोग अपने घरों के अन्दर दुबकने को मजबूर हो जाते थे। विद्युत सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को दिन के समय ही अपने काम निपटाने पड़ते थे। अब प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की पहल पर गांव में विद्युत आपूर्ति शुरू हुई है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे दूरस्थ गांव, जहां कभी बिजली के खंभे देखना भी सपना था, आज वहां घर-घर बल्ब जल रहे हैं। इसी अभियान के तहत पहाड़ी कोरवा बस्ती बरपानी में भी विद्युत लाइन का विस्तार कर ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति दी दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें शाम ढलने तक सारे काम निपटाने पड़ते थे, क्योंकि रात होते ही पूरा क्षेत्र घने अंधेरे में डूब जाता था। अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। रात का सन्नाटा अब रौशनी से जीवन की चहल-पहल में बदल गया है।

# सूने मकानों का ताला तोड़कर नकदी व सामान की चोरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 झीनपुरी पारा बीती रात चोरों ने दो सूने मकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मकान का ताला तोड़कर घर से नगदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस अब इस मामले में घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि झीनपूरी पारा निवासी काशीनाथ साहू रायपुर में निवास करते है जबकि विजय



नारायण पाण्डेय भी वर्तमान में अम्बिकापुर में रहते है। काशीनाथ साहू और विजय नारायण पाण्डेय का मकान सूना पड़ा हुआ था। ऐसे में चोरों ने बीती रात मकान का ताला तोड़कर कासीनाथ साहू के मकान से 15 हजार नगद अन्य सामान तथा विजय नारायण पांडे के घर से महंगे बर्तन की चोरी कर ले गए। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वार आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है



# टॉक्सिक के सेट से लीक हुआ यश का फुटेज

**मुंबई।** साउथ एक्टर यश इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्शन फिल्म टॉक्सिक और महाकाव्य रामायण। सोमवार को यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के सेट से उनका एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखकर फैंस फिदा हो गए हैं। वीडियो में वह धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। 19 मार्च 2026 को टॉक्सिक की रिलीज से पहले यश का यह वीडियो ऑनलाइन लीक हुआ है। इस लीक वीडियो से फिल्म की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यश नीली जींस और बिना शर्ट और अपनी दाढ़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# सोनम

## मां-बाप के कहने पर करने लगीं किसिंग सीन

सोनम बाजवा की जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'दीवाने की दीवानियत' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस अब तक दो हिंदी फिल्में कर चुकी हैं और ये उनकी तीसरी हिंदी फिल्म होने वाली है। ऐसे में सोनव बाजवा की बॉलीवुड एंट्री को लेकर बज भी बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि वो किसिंग सीन के डर से पहले हिंदी फिल्में नही कर रही थीं, लेकिन उनके पेरेंट्स ने उन्हें इसे बस काम समझ कर इंटीमेट सीन्स से न डरने की सलाह दी।पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों बॉलीवुड में पैर जमाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। वो धीरे-धीरे बॉलीवुड फिल्में कर रही हैं। वो अबतक 2 हिंदी फिल्में कर चुकी हैं। एक्ट्रेस को हाउसफुल 5 और बागी 4 में देखा जा चुका है और अब वो जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा ने उस वक्त के बारे में बात की जब वो सिर्फ किसिंग और इंटीमेट सीन्स के डर से बॉलीवुड फिल्मों के रिजेक्ट कर रही थीं। सोनम ने कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह था कि उनके किसिंग सीन्स और इंटीमेट सीन्स को लेकर पंजाब में दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उनके पेरेंट्स ने इस मामले में उनका काफी सपोर्ट किया था। सोनम ने बताया कि पेरेंट्स से बात करने के बाद उनका नजरिया पूरी तरह से बदल गया वो बताती हैं, यह कुछ साल पहले की बात है, और मैंने अपने मां-पापा से इस बारे में बात की। वे बोले, 'हां, अगर यह फिल्म के लिए है, तो ठीक है। और मैं बहुत चौंक गई।



हॉलीवुड मसाला



# 13 साल बड़े नेता को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की क्रूज पर ली गई रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। दोनों की किसिंग फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तलाक के बाद ट्रूडो का यह नया रिश्ता सुर्खियों में है। बात हो रही है कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (53) और उनकी कथित गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड स्टार कैटी पेरी (40) की. इस कपल की किसिंग तस्वीरों इंटरनेट पर वायरल हो गईं।




# जुरासिक वर्ल्ड- कैओस थ्योरी सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की लोकप्रिय एनिमेटेड सीरीज 'जुरासिक वर्ल्ड: कैओस थ्योरी'के चौथे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। न्यूयॉर्क में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट के मौके पर सीरीज की पूरी टीम मौजूद थी। ट्रेलर में डायनासोर वर्ल्ड की एक बार फिर झलक देखने को मिल रही है, जिसे देखने के बाद फैंस उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही गहरे सस्पेंस और एडवेंचर से होती है। इस बार कहानी छह साल आगे बढ़ चुकी है, जब 'कैंप क्रेटेशियस' की घटनाओं के बाद डायनासोर खुली दुनिया में जी रहे हैं और इंसान उनसे डर के साये में जिंदगी बिता रहे हैं। इस सीजन में 'नब्लर सिक्स' के नाम से मशहूर छह दोस्तों की टीम एक बार फिर साथ आती है, लेकिन इस बार उनका सामना केवल डायनासोर से नहीं बल्कि एक ऐसी साजिश से होता है जो इंसानों और डायनासोर, दोनों के अस्तित्व को खतरे में डाल देती है।



# स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं।



# मनीष की गैंग पर ये अकेली भारी...

**मुंबई।** एक तरफ भारत में हाल ही में पॉप्युलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर दीपावली पार्टी रखी, वहीं दूसरी तरफ न्यूयॉर्क में भी ऐसी ही पार्टी रंग चढ़ा नजर आया। मनीष मल्होत्रा की पार्टी में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर, काजोल से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक खूब दिखा। वहीं, न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी प्रियंका चोपड़ा ने धूम मचा दी। निक जोनस के साथ उनकी झलकियां जैसे ही सोशल मीडिया पर नजर आई, मनीष की इस पार्टी की झलकियों पर भारी पड़ गई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी एकबार फिर चर्चा में हैं। न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी में भारत के इस फेस्टिवल का रंग खूब चढ़ा दिखा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साथ मिलकर इस त्यौहारी इवेंट रौनक बढ़ा दी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल शो से आदित्य और कीकू शारदा बाहर

**मुंबई।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल में फिनाले से पहले डबल एविक्शन का बड़ा ट्विस्ट आया है। शो से एक साथ दो कंटेस्टेंट, कीकू शारदा और आदित्य नारायण, बाहर हो गए हैं। दर्शक भी ये देखकर शॉक्ड हो गए हैं। एलिमिनेशन के लिए कीकू शारदा, आदित्य नारायण, आकृति नेगी और नयनदीप रक्षित को नॉमिनेट किया गया था। वोटिंग के दौरान सभी की सांसें थम गईं, लेकिन जब दो लोगों का एविक्शन हुआ तो कंटेस्टेंट्स को बड़ा झटका लगा। पहला नॉमिनेशन कीकू शारदा का हुआ। रूलर्स ने वोट किया और वे बाहर हो गए। इसके बाद बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स बाली, आरुष भोला और मनीषा रानी ने आदित्य नारायण को चुना। दोनों के एविक्शन के समय सभी कंटेस्टेंट्स भावुक दिखे। अक्सर एक-दूसरे से भिड़ने वाले बाली और आदित्य ने एक-दूसरे को गले लगाया। आदित्य ने बाली से माफी भी मांगी। धनश्री वर्मा और अरबाज भी अपने आंसू नहीं रोक पाए और आदित्य के बाहर होने पर दुख जताया।'राइज एंड फॉल'धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, जिससे कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कीकू शारदा ने ज्योतिष बनकर सबका मनोरंजन किया और भविष्य बताया था। अब जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण बाहर हो गए हैं, तो शो में और भी ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. अब शो में आरुष भोला, बाली, मनीषा रानी, आकृति नेगी, नयनदीप रक्षित, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल ही बचे हैं। ये सभी टॉफी हासिल करने के लिए भिड़ेंगे।

## जैमी ने बिग बॉस 19 में उड़ाया तान्या का मजाक


**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में वीकेंड के वॉर में सलमान खान कंटेस्टेंट की खूब क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। कुछ पूरे हफ्ते अच्छा खेलते हैं तो उनकी खूब तारीफ होती है, वहीं कुछ अपनी हरकतों की वजह से सलमान खान के गुस्से का शिकार होते हैं। इस हफ्ते वीकेंड का वार में जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर फराह खान बनकर आईं थीं। वो घरवालों से फराह खान के अंदाज में ही बात करती नजर आईं।



उन्होंने सारे घरवालों को उनकी हरकतों की वजह से रोस्ट किया। इस लिस्ट में तान्या मित्तल भी थीं। तान्या अपनी बातों की वजह से अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं और इस बार जैमी ने भी उन्हें खूब ट्रोल किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल बो रहा है। जैमी कहती हैं- तान्या तुम बकलावा खाने दुबई जाती हो, बिस्कुट खाने ब्रिटेन जाती हो, खजूर खाने के लिए साउदी अरेबिया जाती हो। मुझे तुमसे ये पूछना है कि तुम इलाज करवाने के लिए किधर जाती हो।

# बॉबी देओल की नई फिल्म का खतरनाक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉबी देओल एक बार फिर से विलन के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो प्रफेसर की भूमिका में होंगे, लेकिन ये शातिर और खतरनाक रोल होनेवाला है। फैन्स ने उनकी इस झलक पर ही खूब अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ लोगों को उनके चेहरे पर लंबे बाल नहीं अच्छे लग रहे। बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार शतक जड़ रहे हैं। आश्रम, एनिमल और हालिया रिलीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बाद एक बार फिर बॉबी अपने नए अंदाज से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। विलेन के अवतार में एक बार फिर बॉबी देओल पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। बॉबी ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसका नाम अभी फाइनल तय नहीं किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते लिखा, 'पॉप कॉर्न वॉप कॉर्न ले आओ, शो शुरू होनेवाला है।' पोस्टर के साथ ही फैन्स की दीवानगी भी खूब दिखने लगी। इस नए पोस्टर में बॉबी एक ट्वीड जैकेट, डार्क रिम वाले चश्मे, और आंखों में वही खतरनाक चमक लिए नजर आ रहे हैं। सॉल्ट एंड पेपर लुक में बॉबी के बालों की बड़ी लटें दिख रही हैं। इस पोस्ट पर बताया गया है कि वो इस फिल्म में बतौर प्रफेसर नजर आनेवाले हैं। हालांकि, ये रोल शातिर और खलनायक दिख रहा है।



# अध्याश्री-सुकृति बनीं सुपर डांसर चैप्टर 5 की विनर

**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' ने शुरू से ही दर्शकों को एंटरटेन किया और उन्हें अपने साथ जोड़े रखा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे टैलेंटेड डांसर थे, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़े फैन फॉलोइंग हैं, इसलिए डांस मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। फिनाले से पहले तक अंदाजा लगाना आसान नहीं था कि कौन सुपर डांसर की ट्रॉफी जीतकर घर लौटेगा. हफ्ते-दर-हफ्ते हर कंटेस्टेंट ने अपनी परफॉर्मेंस से भारत को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन अंत में अध्याश्री और सुकृति ने मिलकर ट्रॉफी जीत ली।

'सुपर डांसर चैप्टर 5' के टॉप छह फाइनलिस्ट्स में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमान्श और नमीष शामिल थे, जिनके युनिका डांस और स्टाइल ने लोगों को काफी इंप्रेस किया।आज उनकी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जजेस की बात करें तो बॉलीवुड के लीजेंड और भारत के सबसे पसंदीदा डांसरों में से एक गोविंदा जजेस पैनल में शामिल थे। उन्हें शो के मंच पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मार्जी पेस्टोंजी का साथ मिला। अध्याश्री ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'सुपर डांसर ने मुझे मंच दिया जहां मैं कुछ बेहतरीन डांसरों और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स के सामने परफॉर्म कर सकी। मैंने पूरे सफर का मजा लिया और ट्रॉफी जीतना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया, खासकर मेरी मां का, जिनके लगातार सपोर्ट ने मुझे अपना बेहतरीन देने के लिए प्रेरित किया.' सुकृति ने कहा, 'ट्रॉफी जीतकर मैं बहुत खुश हूं. अपनी मां को इतना खुश देखकर यह जीत और भी खास बन गई। मैं 'सुपर डांसर चैप्टर 5 के सेट पर बनाए गए पलों और जो दोस्त बनाए, उन्हें हमेशा याद रखूंगी। यह मेरी लिए एक खास जीत है।'



## 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में थीं शामिल

# राजेश खन्ना की वो 3 फिल्में, जिनकी आंधी में उड़ गया था बॉक्स ऑफिस

***नई दिल्ली।** राजेश खन्ना एक ऐसे दिग्गज अभिनेता थे, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। उन्हें बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार भी कहा जाता था, जिन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आज हम आपको उनकी 3 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल थीं। राजेश खन्ना आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनका नाम शीर्ष अभिनेताओं की सूची में शामिल था। लोगों में उनके प्रति गजब का क्रेज था। सभी उनकी नई फिल्मों के इंतजार में रहते थे, यही वजह भी थी कि फिल्में उनके नाम से ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती थीं।*

**प्रेम नगर** : यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसका निर्माण डी. रामानायडू ने और निर्देशन केएस प्रकाश राव ने किया था। इसमें राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, कामिनी कौशल, प्रेम चोपड़ा, बिंदु और असरानी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अशोक कुमार और अरुणा ईरानी अतिथि भूमिकाओं में हैं। यह निर्देशक की अपनी तेलुगु फिल्म प्रेम नगर (1971) का रीमेक था, जो दर्शकों बेहद पसंद आई थी. विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह साल 1974 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**रोटी** : यह एक एक्शन फिल्म थी, जिसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने और निर्माण रजनी देसाई और राजेश खन्ना ने आशीर्वाद पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया था। इसमें खन्ना और मुमताज ने अभिनय किया था और संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। यह फिल्म 11 अक्टूबर 1974 को बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान के साथ रिलीज हुई थी। कथित तौर पर कादर खान को फिल्म के संवाद लिखने के लिए 1.21 लाख का भुगतान किया गया था। यह साल 1974 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**आप की कसम** : 1974 में बनी जे ओम प्रकाश द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक फिल्म थी, जो उनके निर्देशन में भी पहली फिल्म थी. फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज, संजीव कुमार, रहमान, असरानी और एके हंगल ने अभिनय किया था। फिल्म में संगीत आरडी बर्मन ने दिया था। इस फिल्म को भी सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था और यही वजह भी थी कि यह साल 1974 की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।



## खबर संक्षेप

### कन्या क्रीड़ा परिसर को भेंट की फ्रिज

**अनूपपुर।** स्वर्गीय हरिशंकर पारिख की पावन स्मृति में उनके परिवारजन द्वारा सामाजिक सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। श्रीमती निलेश पारिख धर्मपत्नी एवं हिमांशु पारिख पुत्र ने कन्या क्रीड़ा परिसर, अमरकंटक को एक फ्रिज भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पारिख परिवार के इस प्रेरणादायक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि स्व. हरिशंकर पारिख सदैव समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। यह भेंट न केवल उनके स्मरण को जीवित रखेगी बल्कि विद्यार्थियों की सुविधा और आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायक सिद्ध होगी। जनजाति कार्य विभाग के कन्या क्रीड़ा परिसर अमरकंटक को पारिख परिवार द्वारा फ्रीजर संयंत्र भेंट किया गया।

### सब स्टेशन में दूरसंचार सेवा शुरू हो



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत मंडल कार्यालय बैकुंठपुर को आवंटित लैडलाईन फोन काफी समय से खराब पड़ा हुआ है, इसके चलते आम उपभोक्तओं को अपनी शिकायत करने में परेशानी होती है। इस समस्या का लेकर विधायक प्रतिनिधि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर शहीद अशरफी ने कनिष्ठ यंत्री छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी को शिकायत पत्र सौंपकर जल्द बंद पड़े लेंडलाईन फोन का सुधार करने की मांग की है साथ ही अपने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि यदि 15 दिवस के भीतर सुधार कार्य नहीं हो पाता है तो वे स्वयं के व्यय से एक मोबाईल फोन देने को तैयार हैं और इसके लिए प्रतिमाह रिचार्ज भी करेंगे।

### संतलाल को मिली सुकून की छांव

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब और जरूरतमंद तबकों के लिए सिर्फ गिट्टी, रेती, ईंट, सरिया और सीमेंट से बना एक घर नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन में सुरक्षा और सुकून की नई रोशनी लेकर आई है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम खाड़ा निवासी संतालाल को वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास स्वीकृत हुआ। संतलाल बताते हैं कि जब उन्हें जानकारी मिली कि उनका नाम पात्रता सूची में आया है, तो पहले तो विश्वास ही नहीं हुआ। उन्होंने कहा हमने तो मान लिया था कि हमारे जीवन में पक्के मकान का सुख नहीं मिलेगा, क्योंकि आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि खुद से मकान बना सकें, लेकिन ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव और कोटवार के माध्यम से जानकारी मिली कि पात्र होने पर सरकार की इस योजना से घर मिल सकता है। हमने आवेदन किया और कुछ ही समय में राशि स्वीकृत हो गई। अब संतलाल अपने नए घर में परिवार के साथ सुकून की जिंदगी बिता रहे हैं।

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप 17 को

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रहा है जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 17 अक्टूबर को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक वार्ड क्रमांक 17, भगत सिंह वार्ड, जोड़ा तालाब छठ घाट के पास स्थित जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

## भिलाईबाजार सरस्वती स्कूल में आयोजित थी त्रिपक्षीय वार्ता

# त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्रामीण व अफसर के बीच मारपीट, थाने का घेराव, घंटों चला हंगामा



बैठक में उपस्थित ग्रामीण एवं अधिकारी।



थाने का घेराव करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भिलाईबाजार में जमीन अधिग्रहण को लेकर एसडीएम कटघोरा, एसईसीएल गेवरा प्रबंधन व भिलाईबाजार ग्रामवासियों के बीच एक स्कूल में त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को प्रशासन के सामने रखा था मांगों पर चर्चा के दौरान किसी मुद्दे को लेकर गेवरा प्रबंधन के अफसरों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखे यह मुद्दा इतना भड़क गया कि ग्रामीण व एसईसीएल के अफसरों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और दोनों पक्ष एक दूसरे को मारपीट करने पर आतुर हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हरदीबाजार थाने का घेराव कर दिया और एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की मांग करते रहे। घंटों बाद जब एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई हुई तब जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**खास बात**

- एसईसीएल, प्रशासन के अधिकारी व ग्रामीण बैठक में थे शामिल

### एफआईआर दर्ज हुई अफसर के खिलाफ

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिलाईबाजार निवासी आशीष पाटले उम्र 25 वर्ष पिता रथलाल पाटले ने हरदीबाजार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि सोमवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर भिलाईबाजार के मैदान में एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। जिसमें ग्राम भिलाईबाजार के ग्रामीणों एवं एसईसीएल गेवरा के अधिकारियों के मध्य वार्तालाप हुआ, इस बैठक के बाद सभी ग्रामीण अपने घर जाने के लिये मैदान से निकल रहे थे, तभी एसईसीएल गेवरा में डिप्टी मैनेजर के पद पर पदस्थ अफसर शिखर सिंह चौहान स्कूल के गेट के सामने मुझे देखकर बोला कि आज भिलाईबाजार का ग्रामीणों का मीटिंग विफल हो गया हैं। तब मैंने शिखर सिंह चौहान को बोला कि हम लोगो को ऐसा क्यों बोल रहे हो इतने में शिखर सिंह चौहान बोला कि तुम लोगों को सबक सिखाउंगा और मेरे साथ गाली गलौच करने लगा जिसका मैंने विरोध किया तो शिखर सिंह चौहान सभी के सामने हाथ मुक्का लात घुसा से मेरे साथ मारपीट करने लगा। जिससे मुझे चोट आयी है। आशीष पाटले की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिखर सिंह चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भिलाईबाजार की भूमि अधिग्रहण को लेकर सोमवार को भिलाईबाजार के सरस्वती शिशु मंदिर में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। जिसमें एसडीएम कटघोरा, एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के अफसर व भिलाईबाजार ग्रामवासियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता चल रही थी। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को प्रशासन के सामने रखा। ज्यादातर मांगों पर प्रशासन की और एसईसीएल के अफसरों की सहमति बन गई थी लेकिन इसी बीच किसी बात को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान माहौल गर्म हो गया जिसके बाद ग्रामीणों और एसईसीएल के अफसरों के बीच वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। देखते ही देखते यह वाद विवाद मारपीट में तब्दील हो गया स्थिति काफी विस्फोटक हो गई। जिसके बाद एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए बड़ी संख्या में हरदीबाजार थाना जा पहुंचे और एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव कर दिया। उनकी मांग थी कि जब तक एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई नहीं होगी तब तक उनका प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। घंटों चले थाना घेराव के बाद में ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर एसईसीएल के अफसरों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद कर लिया तब जाकर घेराव समाप्त हुआ।

# बाइक सवार दंपती को बाइक ने मारी टक्कर, पति की मौत



घटनास्थल में दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपति अपने 15 वर्षीय मासूम पुत्र के साथ पड़ोसी जिले से मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर मेहमानी में आए हुए थे। जहां रिश्तेदार के घर मुलाकात कर तीनों मोटरसाइकिल में अपने घर लौट रहे थे कि हाईवे में उनकी मोटरसाइकिल को दूसरे मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मार कर फरार हो गया। हादसे के होते ही मोटरसाइकिल सवार परिवार सड़क पर गिर गया और हादसे में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी और उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पड़ोसी जिले के उदयपुर निवासी सुमल साय 45 वर्ष अपनी पत्नी संगीता 42 वर्ष पुत्र कृष्ण 15 वर्ष के साथ अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 डी 5988 में सवार होकर पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा अपने रिश्तेदार के घर आए हुए थे। जहां रिश्तेदार के घर मुलाकात कर दोपहर लगभग 12 बजे पुनः पति-पत्नी और उनके पुत्र मोटरसाइकिल में सवार होकरमोटर अपने घर उदयपुर लौट रहे थे कि चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुंदर नाला के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालक में उनकी मोटरसाइकिल को ठोकर मारते हुए मौके से फरार हो गया।

**खास बात**

- चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुंदर नाला के समीप हुआ हादसा



घायल महिला।

# गेवरा बस्ती पार्षदों की मेहनत रंग लाई, जारी मुआवजा पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

पिछले 11 वर्षों से एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधक द्वारा गेवरा बस्ती सहित अन्य ग्रामों की भूमि अधिकरण के लिए बनाए जाने वाले मुआवजा पत्रक के लेट लतीफे और त्रुटि रहित मुआवजा पत्रक को लेकर कुसमुंडा गेवरा बस्ती क्षेत्र के पार्षदों की मेहनत रंग लाई है।

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधक द्वारा 29 सितंबर को 299.29 करोड़ का मुआवजा पत्र जारी किया है इस पत्रक में 2913 प्रभावित किसानों के लगभग 1243 एकड़ जमीन के अधिकरण होने की पुष्टि की गई है गेवरा क्षेत्र में अधिकरण की प्रक्रिया में हो रही लेट लतीफी वह त्रुटि रहित मुआवजा पत्र को लेकर क्षेत्र के पार्षद श्रवण कुमार यादव, इंद्रजीत बिहार, राजकुमार कंवर एवं प्यारेलाल दिवाकर के नेतृत्व में जुलाई 2025 को आंदोलन और घेराव किया गया था। इसके बाद एसईसीएल प्रबंधक द्वारा लिखित में आश्वासन देते हुए 3 महीने का समय मांगा गया था।



प्रबंधक से मुआवजा पत्रक लेते पार्षद।

ए स ई सी ए ल प्रबंधक द्वारा गेवरा क्षेत्र भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा पत्र जारी किया गया। जिसमें 299.29 करोड रुपए मुआवजा की जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 11 वर्ष पूर्व गेवरा बस्ती सहित अन्य ग्रामों की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया की गई थी। प्रबंधक द्वारा सभी ग्रामों की भूमि अधिकरण को लेकर ड्रोन से सर्वे कराया गया था जो कि कॉल इंडिया के डीजी कॉल प्रोजेक्ट का हिस्सा भी रहा। गांव के जमीन के अधिग्रहण के बाद धारा 4 व धारा 7 के प्रकाशन के बाद खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। वहीं मुआवजा प्रकरण में भी लेट लतीफ की जा रही थी जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश के उत्पन्न हो रहा था। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ते हुए भूमि के बदले प्रभावित किसानों को मिलने वाले पुनर्वास की सुविधा मुआवजा व नौकरी संबंधित प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जाएगी। इस समय को देखते हुए चारों पार्षद ने मिलकर बीड़ा उठाई और ग्रामीणों की मदद से प्रबंधक के खिलाफ धरना एवं आंदोलन किया गया। इसके पश्चात प्रबंधक द्वारा संज्ञान लेते हुए 3 महीने का समय मांग कर निराकरण करने की बात का ही थी।

# लाखों की ठगी के मामले में जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एमक्यूडी-8 बल्गी कॉलोनी निवासी दीनदयाल उम्र 59 वर्ष पिता समारु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एसईसीएल बल्गी परियोजना में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। पिछले वर्ष सितम्बर 2024 को दीनदयाल के मोबाईल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने मों नं 9098144445 से कॉल कर अपना परिचय प्रवीण झा देकर दीनदयाल को डराने लगा कि तुम एसईसीएल बल्गी में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे हो मैं तुम्हारी शिकायत सभी कार्यालय में भेजकर तुम्हे नौकरी से बाहर करा दूंगा और यदि तुम चाहते हो कि मैं कोई ऐसा काम नहीं करु तो तुम मुझे 8 लाख रुपये दे दो मैं कोई शिकायत या कार्यवाही नहीं करूंगा। इस तरह की धमकी के बाद दीनदयाल के द्वारा उस व्यक्ति से मिलने की ईच्छा बताने पर वह दीनदयाल को दीपका थाना के पास आकर मिलने बोला तब दीनदयाल अगले दिन उसके कहे अनुसार दीपका थाना के पास अपने मित्र सावना (एस.ई.सी.एल. रिटायर्ड कर्मचारी) के साथ उससे मिलने पहुँचा जो वहां वह अकेले खड़ा था। उससे बातचीत करने पर वह बोला के उसके पास बहुत से ऐसे दस्तावेज है जिससे दीनदयाल की नौकरी खत्म हो जाएगी। ऐसा कहते हुए प्रवीण झा के द्वारा दीनदयाल से 8 लाख रुपये की मांग की गई जिस पर दीनदयाल के द्वारा कुल 5 लाख रुपए किश्तो में प्रदान कर दिया गया। 23 दिसम्बर 2024 में पुनः वह मुझे मेरे मोबाईल पर व्हाटसअप मैसेज भेज कर विभिन्न अधिकारियों को शिकायत करने की धमकी भेजने लगा, तब मेरे द्वारा उससे कॉल कर बातचीत करने पर वह कहने लगा कि मैं तो आपकी बात मान कर आगे कोई कार्यवाही नही कर रहा हूँ लेकिन पुलिस अधीक्षक कोरबा नहीं मान रहे है उन्हें 2 लाख 50 हजार रुपये की और मांग की गई इस तरह प्रशांत झा के द्वारा दीनदयाल का भयादोहन करते हुए किश्तों में कुल 11 लाख 60 हजार रुपए की उगाही कर ली गई है। दीनदयाल की



# आरएसएस का पथ संचलन

**अनूपपुर।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अनूपपुर जिले के अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, अमरकंटक नगर में आयोजित विजयादशमी उत्सव पथ संचलन में अनुशासन, उत्साह और समर्पण की अनूठी झलक देखने को मिली। दिव्यांग, बाल्य स्वयं सेवक, सहित 80 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक पूर्ण गणवेश पर पथ संचलन में सहभागी बने। इस अवसर पर एक स्वयंसेवक परिवार ने विशेष प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस परिवार के बुजुर्ग दादा लोक तंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल और पोते ने एक साथ गणवेश धारण कर अनूपपुर नगर के पथ संचलन में भाग लिया। तीन पीढ़ियों का यह संगठित रूप न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बना बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय संदेश भी छोड़ गया। पथ संचलन में शामिल अन्य स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भी इस परिवार के समर्पण को सराहा।

# चित्ताझोर पोंड़ी में मेगा पालक-शिक्षक बैठक

**कोरिया कॉलरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चित्ताझोर पोंड़ी में सोमवार को मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक सीएस सिंह, सभी शिक्षकगण एवं काफी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जहां विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया।

बैठक के उद्देश्य पर श्री द्विवेदी ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी, वहीं श्री नामदेव ने पालक-शिक्षक बैठक के महत्व पर अपने विचार रखे। बैठक में पालकों ने विद्यार्थियों की शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा कीं। इन विषयों पर शिक्षकों द्वारा समाधान प्रस्तुत करते हुए आपसी संवाद का सकारात्मक वातावरण रहा। प्रधानपाठक श्री सिंह ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए पालकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कई उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय और पालक दोनों की साझा जिम्मेदारी से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।



### प्राथमिक शाला चरचा में अभिभावक-शिक्षक संवाद

**चरचा कॉलरी।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा, विकासखंड बैकुंठपुर में 14 अक्टूबर को पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के मध्य सशक्त संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक एवं नैतिक विकास की दिशा में संयुक्त प्रयास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक, सभी शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा के परिणामों की जानकारी दी तथा प्रत्येक छात्र की प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार, अनुशासन और विशेष रुचियों पर विस्तार से चर्चा की।



## पृष्ठ 1 का शेष

### मनेन्द्रगढ़ में 220 ...

का डीजल जनरेटर और 500 वॉट की बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी परिस्थिति में मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा मिल सके। साथ ही परिसर में आकर्षक उद्यान (गार्डन) का निर्माण कराया जाएगा, जिससे अस्पताल का वातावरण हरित और शांतिपूर्ण बना रहेगा। विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि आज मनेन्द्रगढ़ की धरती पर एक ऐतिहासिक शुरूआत हुई है। यह अस्पताल सिर्फ एक इमारत नहीं बल्कि जनसेवा का प्रतीक बनेगा। वहीं जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावेल ने कहा कि आज का दिन मनेन्द्रगढ़ की जनता के लिए खुशी का अवसर है। पहले यहां के नागरिक इलाज के लिए रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर जैसे बड़े शहरों का रूख करते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से यह सपना साकार हो गया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### कायस्थ समाज का चित्रगुप्त पूजा समरोह 23 को

**कोरबा।** कायस्थ समाज की बैठक सोमवार को कृष्णा नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्व सम्मति से विगत वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजा समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज को और शशक्त बनाने तथा शहर के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा, पाली, दर्री, बालको बांकीमोंगरा, गेवरा, करतला, उरगा, पोड़ी उपरोड़ा में निवासरत चित्रांशजनों को समाज से जोड़ने की दिशा आवश्यक कदम उठाने पर उपस्थितजनों ने जोर दिया।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. .... /अ-21/2024-25
// ईश्तहार//
सर्व साधारण ग्राम चेरवापारा प.ह.नं. 05 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री महावीर आ. जंग बहादुर, जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम चेरवापारा, थाना चरचा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्वयं की स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम चेरवापारा, प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. सरडी में स्थित भूमि ख.नं. 827/1 रकबा 1.5460 हे. भूमि राजस्व प्रपत्रों के अनुसार आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक वर्तमान में लकवाग्रस्त होने के कारण उक्त दर्शित भूमि में से रकबा 0.0300 हे. भूमि को अनावेदक श्री दिनेश कुमार सिंह आ. स्व. रामजीवन सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम केनापारा थाना व तहसील बैकुण्ठपुर को वर्तमान बाजार भाव के दर से विक्रय करने का सौदा किया है। उपरोक्त भूमि पुराने राजस्व अभिलेखों में घास का मैदान मद के रूप में दर्ज होने के कारण विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 27/10/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

TOP IN KORIYA

प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी



पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)



हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411